**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**06.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे**

**अम्बेडकर**

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि आज महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर देश भर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला स्थित राजभवन में एक कार्यक्रम में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की मज़बूत नींव रखी जो आने वाली पीढ़ियों का निरंतर मार्गदर्शन करती रहेगी।

.........................................................................

**पुण्य तिथि**

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को न केवल देश बल्कि विदेशों में भी बेहद सम्मान के साथ याद किया जाता है।

इस बीच राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर का पूरा जीवन सामाजिक उत्थान, समानता, श्रमिक कल्याण और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा जो आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

.........................................................................

**सर्वोच्च न्यायालय**

सर्वोच्च न्यायालय ने आश्वासन दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए. आई. के इस्तेमाल के मामले में न्यायाधीश अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसी तकनीक कभी भी न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली पीठ न्यायिक प्रणाली में ए.आई. और मशीन लर्निंग के नियमन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका तकनीक को लेकर बेहद सतर्क है। उन्होंने कहा कि ए.आई. को न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होने दिया जाएगा।

.........................................................................

**श्रम संहिता– एमएसएमई**

केन्द्र सरकार ने बीते 15 नवंबर को नई श्रम संहिताएं लागू की हैं। इन संहिताओं से भारत के श्रमिकों की आजीविका में स्थिरता आएगी। आज हम बता रहे हैं कि कैसे नए सुधार देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उधम क्षेत्र को सीधे लाभ प्रदान कर रहे हैं। पेश है ये रिपोर्ट———

रिपोर्ट ——— **नए श्रम सुधारों के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई को अब और अधिक आसान अनुपालन प्रणाली का लाभ मिल रहा है। यह सुधार यह पक्का करते हैं कि किसी भी कर्मचारी को न्यूनतम वेतन से कम वेतन न मिले और अधिक समय तक का वेतन नियमित दर से कम से कम दोगुने दिया जाए। यह कानून सामाजिक सुरक्षा कवरेज का भी विस्तार करते हैं, जिससे छोटे उद्योगों के श्रमिकों को बीमा, मातृत्व लाभ, पेंशन और अन्य कल्याण योजना का लाभ मिल सके। नये श्रम सुधार बेहतर कर्मचारी कल्याण लाते हैं जो भारत के आर्थिक विकास को आगे बढ़ने में एमएसएमई क्षेत्र की भूमिका को सहायता देता है।**

--------------------------------------------------------------------

**गोविंद ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि बीते तीन वर्षों में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था का पतन किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में सरकार ने प्रदेश को भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र और कुशासन की ओर धकेला है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व सरकार केंद्र सरकार पर सहयोग न मिलने का आरोप लगा रही है जबकि सच्चाई ये है कि मुख्यमंत्री ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया है कि प्रदेश को बीते तीन वर्षों में केंद्र से करीब 35 हजार करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं और योजनाओं के लिए बजट जारी नहीं किया जा रहा है।

--------------------------------------------------------------------

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है और लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जनजातीय क्षेत्रों में तापमान में गिरावट और मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर कोहरा पड़ने से ठंड में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर को प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है। उधर साफ मौसम के चलते मनाली—रोहतांग मार्ग पर आगामी 10 दिसंबर तक वाहनों की आवाजाही फिर शुरू कर दी गई है।

--------------------------------------------------------------------